मेरे जैसा भगत भी बाबा खोजेया नहीं मिलेगा

सब देवो ने माना बाबा जादू तेरा चलेगा,
कलयुग का तू देव निराला डंका तेरा बजेगा ।
माना सब देवों में बस एक तेरा राज चलेगा,
पर मेरे जैसा भगत भी बाबा खोजेया नहीं मिलेगा ॥

सोने चांदी की थाली में माल घणा तैं खाया,
पर देख सुदामा पोटली तेरा मन क्यों ललचाया ।
भाव का भूखा श्याम घनी तद देखेया नहीं दिखेगा,
पर मेरे जैसा भगत भी बाबा खोजेया नहीं मिलेगा ॥

बढ़िया बढ़िया भोग खावता सो नखरा दिखलावे,
भगत की लाज बचावण खातिर विष प्याला पी जावे ।
ऐसा प्रेमी भगता का कद सुनेया नहीं सुनेगा,
पर मेरे जैसा भगत भी बाबा खोजेया नहीं मिलेगा ॥

घणा सेठ तेरा नौकर चाकर आगे पीछे रवे,
नरसी जी का भात भरण नै तै क्यों भोजा ढोवे ।
ऐसा सेठ साँवरिया जग में भूला नहीं बुलेगा,
पर मेरे जैसा भगत भी बाबा खोजेया नहीं मिलेगा ॥

दानी और दातार सेठ में तेरा नंबर पहला,
याचक और दीन जना मे मैं नहले पे दहला ।
तैं दानी मैं दीन जेहा जोड़ा नहीं मिलेगा,
पर मेरे जैसा भगत भी बाबा खोजेया नहीं मिलेगा ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/975/title/sab-devo-ne-mana-baba-jadu-tera-chalega-mere-jaisa-bhagat-bhi-baba-khejeya-nahi-milage

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |